दैनिक भास्कर 28/01/2024

विद्यार्थियों को सरल भाषा में साक्षात्कार के तरीके बताए

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में अंग्रेजी विभाग ने प्लेसमेंट सेल और जॉब प्वॉइंट रिक्रूटमेंट के सहयोग से सामूहिक चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के विषय में फाइनल इयर के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सहज और सरल रूप में उनके ज्ञान में पारदर्शिता और भविष्य में नौकरी पाने के उपाय के बारे में बताना था। कार्यशाला संयोजक अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति सोरोत ने विद्यार्थियों को सरल भाषा में साक्षात्कार के तरीके बताए। सह-संयोजक डॉ. अनुपमा सिहाग ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक चर्चा के विषयों के बारे में जानकारी दी। सचिव अध्यापिका महक ने विद्यार्थियों के साथ प्रश्न उत्तर साझा किए। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। डॉ. अमित कुमार अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने धन्यवाद भाषण दिया। मौके पर अंग्रेजी विभाग से अध्यापिका कमलेश, डॉ. अंशु चौधरी व डॉ. नीना मौजूद थे।